**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 23 मई  2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 19वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नौकरी पाने वाले 51 हज़ार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

2. श्री मोदी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

3. राष्ट्रीय रोज़गार मेले के दौरान अम्बाला में 120 युवाओं और पलवल में 93 विद्यार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

4. केंद्र सरकार ने जन परामर्श के लिए, विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 के अन्तर्गत मसौदा नियम प्रकाशित किए।

5. केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कई देशों के मुकाबले भारत में तेल की कीमतों में मामूली वृद्धि हुई।

6. हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने आज रोहतक के पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 950 विद्यार्थियो को डिग्री और 68 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए.

==============================================

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 19वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नौकरी पाने वाले 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। श्री मोदी ने नौकरी पाने वाले युवाओं को बधाई दी और कहा कि सभी युवा कठिन परिश्रम के बाद इस मुकाम पर पहुंचे हैं। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक है। दुनिया भारत के युवाओं और भारत की प्रौद्योगिकी तरक्की को लेकर बहुत उत्साहित है। भारत भी दुनिया के अलग-अलग देशों के साथ भागीदारी कर रहा है। इसका उद्देश्य यही है कि भारत के युवाओं को अवसर मिलें, रोजगार मिले और उनका सामर्थ्य बढ़े। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर भारतीय देश को 'विकसित भारत' बनाने के संकल्प के साथ काम कर रहा है।

श्री मोदी ने नवनियुक्त कर्मचारियों को आई गोट कर्मयोगी' प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

===================================================

हरियाणा में अंबाला , पलवल सहित विभिन्न जिलों से भी आज राष्ट्रीय रोजगार मेले के आयोजन के समाचार मिले हैं।अंबाला रेल मंडल द्वारा आयोजित मेले में 120 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। अंबाला रेल मंडल प्रबंधक विनोद भाटिया ने बताया -

एक बैंक में नियुक्ति पाने वाली मीनू ने आकाशवाणी संवाददाता को बताया -

==========================================

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने आज 94 विद्यार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय कौशल विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कई अच्छी और नामचीन कंपनी विश्वविद्यालय में रोजगार देने के लिए आ रही हैं।

=====================================

केंद्र सरकार ने जन परामर्श के लिए **विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, 2025** के अंतर्गत मसौदा नियम प्रकाशित किए हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि कोई भी व्यक्ति, हितधारक, संगठन या संस्था अगले महीने की 21 तारीख तक इन मसौदा नियमों पर आपत्तियां या सुझाव प्रस्तुत कर सकता है। **विकसित भारत जी राम जी अधिनियम** 20 वर्ष पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम - मनरेगा के स्थान पर लाया गया है। नए अधिनियम का उद्देश्य वित्तीय वर्ष में 100 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी को बढ़ाकर 125 दिन करना है। मंत्रालय के अनुसार अधिनियम की धारा 33 और अन्य संबंधित प्रावधानों के अनुसार मसौदा नियम तैयार किए गए हैं। **विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, 2025** को 11 मई को अधिसूचित किया गया था। यह इस वर्ष पहली जुलाई से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू हो जाएगा।

====================================================

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अपने दो दिवसीय करनाल दौरे के दौरान आज नीलोखेड़ी हलके के करीब 10 गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मीडिया से बातचीत में श्री मनोहर लाल ने कहा कि ग्रामीणों ने रेलवे से जुड़ी समस्याएं भी उनके सामने रखीं है जिनपर रेलवे अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। आरक्षण में क्रीमी लेयर को लेकर पूछे गए सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस विषय पर न्यायालय की टिप्पणी आई है लेकिन अंतिम फैसला विधायिका और राज्य सरकारों को करना है। उन्होंने कहा कि आरक्षण का लाभ वास्तव में ज़रूरतमंद लोगों तक पहुंचना चाहिए। IAS अधिकारियों के बच्चों को आरक्षण देने का विषय उचित नहीं माना जा सकता, क्योंकि ऐसे अधिकारी पहले से ही सक्षम और उच्च स्तर पर होते हैं।

तेल की कीमतों में बढ़ोत्तरी पर मनोहर लाल ने कहा कि यह केवल भारत का विषय नहीं है, बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों का असर है। उन्होंने कहा कि कई देशों में तेल की कीमतों में 60 100 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है, जबकि भारत में बढ़ोत्तरी बेहद मामूली है।

हरियाणा में लाभार्थियों को आवास योजना की राशि जारी होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अपना हिस्सा प्रदेश को जारी कर चुकी है। राज्य सरकार का हिस्सा मिलते ही लाभार्थियों को राशि जारी कर दी जाएगी।

================================

हरियाणा के राज्यपाल एवं कुलाधिपति प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने रोहतक के पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने दीक्षांत समारोह के दौरान 950 विद्यार्थियों को MBBS, BDS, MD/MS, MDS, नर्सिंग, फार्मेसी और पैरामेडिकल की उपाधि और 68 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। समारोह में राज्यपाल की धर्मपत्नी मित्रा घोष भी मौजूद रहीं। राज्यपाल व कुलाधिपति प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने उपाधि व स्वर्ण पदक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की शिक्षा व शोध के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान है। उन्होंने विश्वविद्यालय की ओसर से चलाई जा रही अंगदान मुहिम की सराहना की।

राज्यपाल ने उपाधि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को मानवता की सेवा के लिए प्रेरित किया।

====================================

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड- सीबीएसई ने 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि एक दिन और बढ़ा दी है। अब कल 24 मई तक स्कैन कॉपी प्राप्त की जा सकेगी।

सी.बी.एस.ई ने यह निर्णय वेबसाइट पर अत्यधिक आवेदन और तकनीकी व्यवधान के बाद लिया है, जिससे वेबसाइट बाधित हो रही थी।

बोर्ड ने बताया कि विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिका की स्कैन कॉपी मिलने के बाद, पुनर्मूल्यांकन का आवेदन करने के लिए दो दिन का समय मिलेगा।

======================================